भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2730
05 अगस्त, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: नमो ड्रोन दीदी योजना का कार्यान्वयन

2730 श्रीमती हेमा मालिनीः

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केंद्र सरकार द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजना को 2023-24 से 2025-2026 की अवधि के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक केंद्रीय क्षेत्र योजना के रूप में कार्यान्वित किया गया है;

(ख) क्या नमो ड्रोन दीदी योजना का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को व्यवसाय और आजीविका सहायता प्रदान करना है और किसानों को तरल उर्वरकों और कीटनाशकों के छिड़काव के लिए किराये की सेवाएं प्रदान करने हेतु स्वयं सहायता समूहों (एसएचएचक्यू) को ड्रोन प्रदान किए गए हैं; और

(ग) नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत अब तक उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में स्वयं सहायता समूहों को प्रदान की गई व्यवसाय और आजीविका सहायता और किसानों को प्रदान की गई सेवाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करने के उदेश्य से वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 1261 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 'नमो ड्रोन दीदी' नामक केंद्रीय क्षेत्रक स्कीम को मंजूरी दी है। इस स्कीम का प्रमुख उद्देश्य दक्षता बढ़ाने, फसल उपज में वृद्धि और संचालन की लागत कम करने के लिए कृषि में उन्नत तकनीक को बढ़ावा देना और एसएचजी को ड्रोन सेवा प्रदाता के रूप में सशक्त बनाना है ताकि उनकी आय बढ़े और उन्हें आजीविका सहायता प्रदान की जा सके। प्रमुख उर्वरक कंपनियों (एलएफसी) ने अपने आंतरिक संसाधनों का उपयोग करके वर्ष 2023-24 में एसएचजी की ड्रोन दीदियों को 1094 ड्रोन वितरित किए हैं। इन 1094 ड्रोनों में से 500 ड्रोन को नमो ड्रोन दीदी स्कीम के तहत नैनो उर्वरकों के छिड़काव हेतु किसानों को किराये पर प्रदान करने के लिए वितरित किए गए है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश के 39 जिलों में ड्रोन दीदियों को एलएफसी द्वारा 114 ड्रोन वितरित किए गए हैं और जिलेवार विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

अनुबंध-I

उत्तर प्रदेश में महिला स्वयं सहायता समूहों, जिन्हें प्रमुख उर्वरक कंपनियों द्वारा ड्रोन प्रदान किए गए, की जिलावार संख्या

क्र.सं.	जिला का नाम	स्वयं सहायता समूहों की संख्या जिन्हें एलएफसी द्वारा ड्रोन प्रदान किए गए
1.	आगरा	3
2.	अलीगढ	2
3.	अंबेडकरनगर	2
4.	अमेठी	4
5.	अयोध्या	6
6.	बदायूं	1
7.	बलिया	1
8.	बाराबंकी	4
9.	बरेली	4
10.	बस्ती	1
11.	बिजनौर	1
12.	बुलन्दशहर	1
13.	चंदौली	1
14.	देवरिया	2
15.	एटा	2
16.	गोंडा	2
17.	गोरखपुर	7
18.	हरदोई	2
19.	हाथरस	1
20.	जालौन	1
21.	जौनपुर	4
22.	झांसी	3
23.	कुशीनगर	2
24.	लखीमपुर खीरी	3
25.	महाराजगंज	2
26.	महोबा	1
27.	मैनपुरी	4
28.	मेरठ	2
29.	मुरादाबाद	3
30.	प्रतापगढ़	3
31.	प्रयागराज	16
32.	रायबरेली	2
33.	संतकबीरनगर	2
34.	शाहजहांपुर	3
35.	सीतापुर	4
36.	सोनभद्र	1
37.	सुल्तानपुर	1
38.	उन्नाव	1
39.	वाराणसी	9
	कुल	**114**

*****